SNBP International & Senior Secondary School, Chikhali, Pune.
Affiliation No. 1130703
Academic session 2024-25
NOTES- 8 (TERM-2)

Grade - 3

Subject: हिंदी

Prepared by: Renu Sharma

LESSON- 8 चुंबक का पहाड़ , व्याकरण –विशेषण

प्रश्न -१) शब्दार्थ मधुश्री पाठ्यपुस्तक से देखकर नोटबुक में लिखिए |

प्रश्न -२) दिए गए शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्यों में में प्रयोग कीजिए –

क) तलाश - खोज

वाक्य – अभी तक चोर की तलाश जारी है |

ख) अचानक – एकाएक

वाक्य – अचानक मैंने सड़क पर एक साँप देखा |

ग) पहाड़ – पर्वत

वाक्य – पहाड़ बहुत उँचे होते हैं |

प्रश्न -३) खाली स्थान भरिए –

क) खींचतान में गड़रिये का जूता निकल गया |

ख) कीलें पहाड़ के काले पत्थरों से चिपक गई थीं |

ग) गड़रिये अपनी भेड़ें चराने निकले |

प्रश्न -४) दिए गए प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए –

क) पहाड़ पर कितने गड़रिये गए थे ?

उत्तर- पहाड़ पर तीन गड़रिये गए थे |

ख) एक गड़रिया किसकी तलाश करने लगा ?

उत्तर - एक गड़रिया पानी की तलाश करने लगा |

ग) गड़रिये पहाड़ पर क्या करने गए थे ?

उत्तर- गड़रिये पहाड़ पर भेड़ों को चराने गए थे |

प्रश्न -५) दिए गए प्रश्नों के उत्तर दो – तीन वाक्यों में लिखिए –

क) दोनों गड़रिये क्या सुनकर चौंक गए और क्यों ?

उत्तर- दोनों गड़रिये 'बचाओ-बचाओ' की आवाज सुनकर चौंक गए क्योंकि उन्हें वह आवाज जानी पहचानी-सी लगी।

ख) पहले गड़रिये ने अपने दोस्तों को क्या बताया ?

उत्तर- गड़रिये ने बताया कि उसे उस पहाड़ ने पकड़ लिया है और उसे जाने नहीं दे रहा है।

ग) गड़रिये का जूता पहाड़ी से क्यों चिपक गया था ?

उत्तर- गड़रिये के जूतों के नीचे कीलें लगी थीं और पहाड़ी के काले पत्थर चुबंक थे जो लोहे से बनी चीजों को अपनी ओर खींच लेते हैं इसलिए गड़रिये का जूता पहाड़ी से चिपक गया था।

घ) चुंबक की क्या विशेषता है ?

उत्तर- चुंबक लोहे से बनी चीजों को अपनी ओर खींचने की क्षमता रखती है |

व्याकरण पाठ – विशेषण

परिभाषा – जो शब्द संज्ञा और सर्वनाम शब्दों की विशेषता बताते हैं, उन्हें विशेषण कहते हैं।

जैसे - रंग रूप-काला, गोरा, सुंदर आदि।

- आकार - मोटा, पतला, छोटा, बड़ा, ऊँचा, नीचा आदि ।
- गुण - अवगुण बहादुर, कायर, अच्छा, बुरा आदि ।
- माप-तौल दो, मीटर, तीन किलो, चार लीटर आदि ।
- अवस्था- जवान, बूढा आदि ।

प्रश्न १. दिए गए वाक्यों में विशेषण शब्दों को रेखांकित कीजिए -

क) गिलास में थोडा दूध है।

ख) छोटी तितली फूल पर बैठी हैं।

ग) मेरी घड़ी सुंदर है |

घ) मेरे पास दो लीटर दूध है |

ड.) बूढा आदमी धीरे चल रहा है |